Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made observation regarding providing state of the art facilities in Parliament House Building.

माननीय अध्यक्ष : पहले मैं आप सबसे महत्वपूर्ण बात कहता हूं । बहुत दिनों से यह आपके मन का विचार था ।

माननीय सदस्यगण, भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा मन्दिर यह संसद भवन अपने 92 स्वर्णिम वर्ष पूरे कर चुका है । विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस मन्दिर के भवन से सभी राजनीतिक निर्णय लिए जाते हैं । स्वतंत्रता के बाद से अब तक लोकतंत्र के बढ़ते स्वरूप ने देश की सबसे पवित्र और महान धरोहर का उत्तरदायित्व भी बढ़ाया है और इससे देश की अपेक्षाओं का विस्तार भी किया गया है । ऐसे में यह हम सबकी आकांक्षा है कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र और सबसे विशाल लोकतंत्र का संसद भवन सबसे भव्य, सबसे आकर्षक और तकनीकी रूप से आधुनिक बने । हम जब आजादी के 75 वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं, तो हमारा सपना है कि हम देश के अंदर एक आधुनिक तकनीकीयुक्त संसद भवन के अंदर बैठें ।

इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वे आजादी के 75 वर्ष सन् 2022 में पूरे होने पर नवभारत के इस संकल्प को पूरा करने का प्रयास करें । मुझे आशा है कि जिसका सपना हम सब देखते थे और कई माननीय सदस्य मुझे कहते थे कि मैं इस पोल के पीछे बैठा हूं, नई तकनीकी नहीं है, ये सब विषय कई माननीय सदस्यों ने यहां पर समय-समय पर कहे थे । हम सब, यह सभा माननीय प्रधानमंत्री जी से आग्रह करती है कि आजादी के 75 वर्ष, जो वर्ष 2022 में होंगे, तो संसद के नए स्वरूप में हम सब यहां बैठें, आधुनिक तकनीकी के साथ बैठें, नई सुसज्जित व्यवस्था हो और पूरे विश्व के अन्दर भारत

का यह संसद का मंदिर सबसे भव्य हो, इसमें हम सबकी सहमति है । धन्यवाद ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारा अधिकार तो कम से कम दिया कीजिए । …(व्यवधान) हमारे अधिकार तो दिया कीजिए । …(व्यवधान) लोकतंत्र के बड़े मंदिर में लोकतांत्रिक अधिकार, पार्लियामेंट्री अधिकार …(व्यवधान) जम्मू-कश्मीर में …(व्यवधान)